जांच

**एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर की जांच, भूस्वामी को एक दिन का समय, गेट नहीं हटाने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी**

# सिंगौरगढ़ किला मार्ग पर लगे गेट को हटाने के निर्देश



नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह। ऐतिहासिक सिंगौरगढ़ किले तक पहुंचने वाले वर्षों पुराने आवागमन मार्ग को लेकर चल रहा विवाद अब प्रशासन के संज्ञान में पहुंच गया है। मार्ग पर भू-स्वामी द्वारा गेट लगाए जाने की सूचना के बाद बुधवार दोपहर तेंदूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वामी प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच की। एसडीएम ने भूस्वामी को रास्ते में लगाए गए गेट को एक दिन के भीतर अलग करने के निर्देश दिए हैं।मौके पर तेंदूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वामी के साथ नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक (आरआई), पटवारी तथा सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी विकास सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर रास्ते की स्थिति देखी और संबंधित भूमि व आवागमन मार्ग के संबंध में जानकारी ली।वर्षों पुराने रास्ते को लेकर उठे सवाल स्थानीय लोगों और आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि सिंगौरगढ़ किले तक पहुंचने के लिए यह मार्ग लंबे समय से उपयोग में रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मार्ग करीब 100 वर्षों से आवागमन के लिए इस्तेमाल होता आ रहा है। ऐसे में अब रास्ते पर गेट लगाए जाने से किले तक आने-जाने वाले ग्रामीणों, पर्यटकों और अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मामले को लेकर समस्त आदिवासी समाज द्वारा मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निज कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर वर्षों पुराने मार्ग को स्थायी रूप से बहाल कराने की मांग की गई थी। ज्ञापन में मार्ग से आवागमन के नाम पर कथित रूप से ली जा रही रसीद एवं शुल्क व्यवस्था को बंद कराने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी रखी गई थी। जाएगी।

### एक दिन में गेट हटाने के निर्देश

तेंदूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वामी ने भूस्वामी को रास्ते में लगाए गए गेट को एक दिन के भीतर अलग करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में गेट नहीं हटाया गया तो प्रशासन द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी एसडीएम ने बताया कि मौके पर जांच की गई है और गेट अलग करने के लिए एक दिन का समय दिया गया है। समय सीमा के भीतर गेट नहीं हटाने की स्थिति में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य मंत्री ने लिया संज्ञान

आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संज्ञान लिया। बताया गया कि मंत्री ने जिला कलेक्टर से दूरभाष के माध्यम से चर्चा कर सिंगौरगढ़ किला मार्ग की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई के संबंध में बात की। मंत्री ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया था कि मार्ग से संबंधित समस्या का जल्द निराकरण कराया जाएगा इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर बुधवार को मौके पर जांच की गई। रिकॉर्ड की भी होगी जांच मौके पर पहुंचे एसडीएम सीजी गोस्वामी ने कहा कि यदि यह मार्ग लंबे समय से आम आवागमन के लिए उपयोग होता रहा है, तो संबंधित भूमि और रास्ते की वास्तविक स्थिति को राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर भी जांचा जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब 100 वर्षों से रास्ते के उपयोग की बात सामने आ रही है, इसलिए यह भी देखा जाएगा कि रास्ते की भूमि का उपयोग किस प्रकार और किन परिस्थितियों में किया गया प्रशासन द्वारा पुराने राजस्व रिकॉर्ड, भूमि की स्थिति और रास्ते से संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट की

स्थायी समाधान की मांग स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासी समाज का कहना है कि केवल तत्काल गेट हटाना ही समाधान नहीं है, बल्कि सिंगौरगढ़ किले तक पहुंचने वाले पुराने मार्ग की स्थिति को स्थायी रूप से स्पष्ट किया जाना चाहिए। मार्ग के स्वामित्व, राजस्व रिकॉर्ड और वर्षों से हो रहे उपयोग की निष्पक्ष जांच कर प्रशासन को स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।ऐतिहासिक सिंगौरगढ़ किला क्षेत्र की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है। यहां पहुंचने वाले मार्ग को लेकर विवाद के चलते स्थानीय लोगों के साथ-साथ किले का भ्रमण करने आने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। अब प्रशासन द्वारा मौके पर जांच और गेट हटाने के निर्देश के बाद लोगों को उम्मीद है कि वर्षों पुराने मार्ग का विवाद जल्द सुलझेगा और सिंगौरगढ़ किले तक सुगम आवागमन की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित होगी।


## बढ़ती महंगाई के विरोध में पटेरा कांग्रेस का प्रदर्शन,राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**नवभारत,पटेरा/दमोह।** देश व प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई,डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस,खाद्य सामग्री सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों को लेकर बुधवार को नगर कांग्रेस कमेटी पटेरा द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के मुद्दे को लेकर अपनी आवाज बुलंद करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार महोदय को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का घरेलू बजट बिगड़ गया है।पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस एवं खाद्य सामग्री सहित आवश्यक वस्तुओं के दामों में वृद्धि से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण किए जाने की मांग की।इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष नितिन ताम्रकार, जिला महासचिव धर्मेंद्र चौधरी, नवाब सिंह,नेता प्रतिपक्ष चंदाबाई, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हनी ताम्रकार, वैभव ताम्रकार, रामस्वरूप असाटी, मुकेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र राजपूत, दीपक चौधरी, निखिल जैन, यशु सोनी,मनोज सोनी, राजा कुमार, कृष्ण ताम्रकार, मुन्ना बंसल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चों के संघर्ष से बनी सड़क, अब मेंटेनेंस के बाद भी बदहाल

पांजी के विद्यार्थियों ने वर्षों तक उठाई आवाज, दो चरणों में बनी सड़क ; अब गुणवत्ता पर सवाल



**नवभारत,हटा/दमोह.जिस सड़क के लिए ग्राम पांजी के छोटे-छोटे स्कूली विद्यार्थियों ने वर्षों तक संघर्ष किया, आज वही सड़क बदहाल है।**

करीब एक दशक पहले हटा-गैसाबाद मुख्य मार्ग से पांजी होते हुए हरदुआ पंचम तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने पंचायत सचिव से लेकर जनपद सीईओ, एसडीएम, कलेक्टर, प्रधानमंत्री सड़क कार्यालय और जनप्रतिनिधियों तक लगातार आवाज पहुंचाई। स्थानीय मीडिया ने भी इस संघर्ष को प्रमुखता से उठाया।लगातार मांग के बाद 2013 में सड़क निर्माण का टेंडर हुआ। सड़क दो चरणों में बनीकृपहले हटा-गैसाबाद से पांजी और फिर पांजी से हरदुआ पंचम तक। विद्यार्थियों ने निर्माण के दौरान गुणवत्ता पर भी नजर रखी और हरदुआ पंचम तक सड़क पूरी होने तक संघर्ष जारी रखा।

आज सड़क के मेंटेनेंस का टेंडर होने के बावजूद ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण काम नहीं हुआ, इसलिए सड़क की हालत में खास सुधार नहीं आया।यह मार्ग पांजी, हरदुआ पंचम, हिन्मतपटी, देवरी, चकरदा, डोली, काईखेड़ा सहित करीब 20-25 गांवों को हटा मुख्यालय तथा फतेहपुर-मडियादो मार्ग से जोड़ता है।अब सवाल यही हैकृजिस सड़क को बच्चों ने वर्षों के संघर्ष से बनवाया, क्या उसकी मरम्मत के लिए भी फिर संघर्ष करना पड़ेगा?

## अब पछताये का होत जब चिड़िया चुग गई खेत



नवभारत,दमोह। गत वर्ष दमोह शहर के तत्कालीन शक्तिशाली मंत्री व दमोह शहर के विद्यायक जयंत मलैया का आश्चर्यजनक ब्यान की दमोह शहर मे भ्रष्टाचार नहीं रूक रहा है, और सरकारी कर्मचारी व पार्षद गरीबो की योजना की धनराशि खा रहे है। ऐसा नहीं चलेगा, बात कुछ समझ नहीं आयी, भैया को बहुत देर बाद पता चला कि दमोह नगर पालिका में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है, लगता है कि जब मैया मंत्री थे, जिस जमाने में वे आवास और पर्यावरण विभाग को देख रहे थे, तब से आज तक मध्यप्रदेश शासन के अनैक संपन्न विभागो में मंत्री रहे और उनके नीचे के लोग भ्रष्टाचार नहीं करते थे, मै भैया को कुछ उदाहरण बताना चाहता हूँ, जब मैया स्थानीय प्रशासन मंत्री थे, तो उनकी अधीनस्थ दमोह नगर पालिका में तत्कालीन उपयंत्री/प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी कपिल खरे के घर व विभाग और उनके सहयोगी जैन साहब के घर में इनकम टेक्स की बहुत बडी रेड (छापा) पडी थी। मामला कपिल खरे के रिश्तेदार इनकम टेक्स मे थे, तो मामला रफा दफा हो गया परंतु छापा तो पड़ा था, और इस छापे में कपिल खरे भैया की नाक का बाल हुआ करते थे, जब से कपिल खरे दमोह में नौकरी में आये थे, तब से आज तक दमोह में ही पदस्थ है, ऐसे ही भैया के विशेष कृपा पात्र कार्यपालन यंत्री सिंचाई पीतलिया यहां आये थे, वृहद पंचमनगर मध्यम सिचाई परियोजना का नक्शा ही परिवर्तित करके करोड़ों की राशि की हेरा फेरी कर गये और आज तक पथरिया विधान सभा क्षेत्र के अनेक ग्राम सिचाई पानी को तरस रहे है। इसी तरह सीतानगर परियोजना जो भैया के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी। वह क्षेत्र जो भैया का पूर्व विधानसभा क्षेत्र था, ग्राम कादीपुर से हिण्डोरिया तक के 21 ग्रामो में सिचाई सुविधा नहीं पहुंच पाई जबकि योजना की लागत खत्म होने की स्थिति में है। पंचम नगर परियोजना मे भारी हेराफेरी की जांच आज भी म.प्र. शासन के पास लंबित है, और तो और मैया के जमाने में बनीं नये दमोह की योजना कैसे धनराशि की हेरा फेरी हुई है, भैया को सब पता है, भैया की सरकार, मैया के लोग.



## सेवानिवृत्ति पर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

▶ **असाटी समाज के वरिष्ठ सदस्य अशोक असाटी सेवानिवृत्त, 42 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर दिया सम्मान**

नवभारत,हटा/दमोह। असाटी समाज हटा के वरिष्ठ सदस्य अशोक असाटी के मध्यप्रदेश विद्युत मंडल से 42 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर समाजजनों ने कार्यालय पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर हटा असाटी समाज से अध्यक्ष जागे असाटी,राजेश असाटी, सुरेश असाटी, संजीत असाटी सहित समस्त समाज व परिवारजन उपस्थित रहे।

### एक नजर में



**प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण, निरीक्षण उपरांत परिसर में किया पौधरोपण**

नवभारत,दमोह। प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला जेल दमोह का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विचाराधीन व दंडित बंदियों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी विधिक एवं व्यक्तिगत समस्याओ की जानकारी ली जाकर उनके निराकरण हेतु जेल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने जेल की भोजन व्यवस्था स्वच्छता,चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के अधिकारो स्वास्थ्य से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का सतत ध्यान रखा जाए और उन्हे आवश्यक सुविधाए समयवद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए। बंदियों से उनके प्रकरण में अधिवक्ता के सबंध में जानकारी ली कहा गया कि ऐसे बंदी जिनके पास अधिवक्ता नहीं है, वे अपना आवेदन जेल प्रशासन के माध्यम से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करे ताकि प्रकरण में विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता नियुक्त किया जा सके।



**तारादेही पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह।1 सितंबर 2026 को प्रार्थी स्वदेश कुमार नेमा (प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारादेही) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026 के बीच अज्ञात चोरों द्वारा स्कूल के कंप्यूटर लैब से 10 मॉनिटर व सीपीयू,02 प्रिंटर,कीबोर्ड और माउस (कुल कीमती करीब 5,04,000 रुपये) चोरी कर लिए गए हैं। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन तथा एसडीओपी तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई की.

## न्याय के लिए लगाई गुहार, ज्ञापन सौंपकर मांग




नवभारत,दमोह। शासकीय अटल संविदा सह अध्यापक कल्याण संघ व पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश की जिला शाखा दमोह द्वारा 1 सितंबर 2026 को जिला दमोह के 2005 से 2011 तक शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर नियुक्त हुए शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर दमोह को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर नियुक्त हुए शिक्षकों को टी ई टी परीक्षा से मुक्त रखा जावे तथा 2005 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टी ई टी परीक्षा से छूट दी जावे गौरतलब हो कि भारत देश में मध्यप्रदेश एक मात्र ऐसा राज्य है जिसमें 2005 के बाद शिक्षकों की नियुक्ति पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मेरिट लिस्ट के आधार पर व 2008 तथा 2009 में गुरुजी अनुदेशक पर्यवेक्षकों को विभागीय गुरुजी पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कराने के बाद नियुक्त किया गया है तथा 2005 के पूर्व शिक्षक भर्ती नियमों के आधार पर मापदंड पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति किया गया है, तो फिर 25 वर्ष बाद लगातार सेवा करने वाले शिक्षकों को टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जाना न्याय संगत नहीं है

## संतान की लंबी आयु और सुख समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा व्रत



नवभारत,हटा/दमोह। महिलाओं ने हलषष्ठी व्रत का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। आचार्य पंडित शुभम खम्परिया ने बताया कि भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन यह व्रत किया जाता है। जिसमें पलाश कुश के नीचे भगवान शिव जी, माता पार्वती जी,गणेश जी स्वामी कार्तिकेय जी की मूर्ति विराजमान करके विधि-विधान से पूजन अर्चन करके धूप दीप नैवेद्य अर्पण करके पूजन किया जाता है।उन्होंने कहा कि हलषष्ठी व्रत रखने वाली महिलाओं के संतान की सुरक्षा और दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है, हल षष्ठी व्रत जिसे ललही छठ या चंदन छठ भी कहा जाता है।इसे विशेष रूप से महिलाओं द्वारा संतान की लंबी आयु और सुख समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है।भगवान बलराम जी का मुख्य शस्त्र हल और मूसल है,इसलिए उन्हें हलधर भी कहा जाता है,उन्हीं के नाम पर इस पर्व का नाम हल षष्ठी पड़ा है।

## किसानों को बांटी सीड ट्रीटमेंट मशीन, वैज्ञानिक खेती अपनाने पर जोर




नवभारत,दमोह,कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) दमोह में बुधवार को एसजीपी परियोजना के तहत ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा किसान संगोष्ठी एवं कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पथरिया ब्लॉक के असलाना, भटपुरा, हिनोता, चकेरी एवं महुना क्षेत्र के किसान शामिल हुए।इस अवसर पर किसान समिति को सीड ट्रीटमेंट मशीन वितरित की गई। किसानों को बीज उपचार की वैज्ञानिक प्रक्रिया, मशीन के उपयोग एवं लाभों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने आधुनिक कृषि तकनीकों से समय, श्रम और लागत बचाने के साथ उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया।उप संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने कृषि विभाग की योजनाओं, अनुदान एवं सब्सिडी की जानकारी देते हुए वैज्ञानिक खेती अपनाने की अपील की। किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल ने कहा कि आधुनिक तकनीक से कृषि लागत कम करने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में महाराज सिंह लोधी, नर्मदा (एकता) सिंह, डॉ. मनोज अहिरवार, डॉ. राजेश द्विवेदी, राजेश खरे, सरदार सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं किसान मौजूद रहे। कृषि वैज्ञानिकों ने बीज उपचार के महत्व और गुणवत्तापूर्ण फसल उत्पादन में इसकी भूमिका बताई।भारती महिला मंडल की ओर से नितेश कुस्महा ग्राम बताया कि एसजीपी परियोजना के तहत किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों से जोड़ने के प्रयास जारी हैं।

## कुएं में मिले दो लापता बच्चियों के शव, गांव में पसरा मातम



नवभारत,दमोह/जबेरा। थाना जबेरा के ग्राम पंचायत बंशीपुर के ग्राम तांबरी से लापता दो बच्चियों की तलाश के दौरान उनके शव गांव के पास एक कुएं में मिले। बच्चियों के लापता होने की जानकारी मिलते ही संस्कृति व पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने प्रशासनिक अधिकारियों को जल्द तलाश करने के निर्देश दिए थे।

प्रशासन व ग्रामीणों की संयुक्त तलाश में काव्या सिंह पिता पप्पू सिंह उम्र 5 वर्ष और मानसी पिता संतोष सिंह आदिवासी उम्र 11 वर्ष के शव कुएं से बरामद किए गए। तलाश अभियान में एसडीओपी अर्चना अहीर, थाना प्रभारी रावेंद्र सिंह बागरी, चौकी प्रभारी विकास सिंह चौहान,सरपंच प्रतिनिधि डाल सिंह ठाकुर सहित ग्रामीणों ने सहयोग किया।दोनों बच्चियों के शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजे गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

### रेलवे स्टेशन पर गिरे यात्री की मौत, अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

नवभारत,दमोह। रेल्वे स्टेशन दमोह पर सोमवार रात्रि प्लेटफार्म नंबर-1 पर एक रेल यात्री गिरकर अचेत हो गया। स्टेशन परिसर में मौजूद लोगों द्वारा उसे तत्काल इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने चेकअप और ईसीजी के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही जीआरपी चौकी प्रभारी एएसआई जुम्मन शेख और आरक्षक धीरज यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की। मृतक की पहचान बालकिशुन निवासी सिविल वार्ड-थाना कोतवाली दमोह के रूप में हुई है।

## पेट्रोल पंप में हादसा, ट्रक ने मशीन को टक्कर मारी

नवभारत, कुम्हारी। इंडियन पेट्रोल पंप पर मशीनों को ट्रक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया जिसे स्थानीय लोगो ने पकड़ा। पंप संचालक जिनेन्द्र जैन ने बताया कि मशीन में टक्कर





लगने से मशीन को नुकसान पहुंचा है। जानकारी अनुसार नुकसान हुआ है लगभग 5 लाख रुपए की लागत मशीन की खराब हो बताई गई, ट्रक सागर का बताया जा रहा है।



### 31 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार,कोतवाली पुलिस ने खुरई पुलिस को सौंपा

नवभारत,दमोह। लंबे समय से फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ अभियान में दमोह कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 31 साल पुराने प्रकरण के फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा लंबित स्थाई वारंटियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं।

मिलीभगत

**दो कम्पोजिट शराब दुकान स्वीकृत, मैनेजर गोपाल शर्मा पर लगे आरोप**

## दुकान में नहीं लगी रेट लिस्ट, मनमाने दाम पर बेच रहे शराब

**नवभारत, तेंदूखेड़ा। तेंदूखेड़ा आवकारी विभाग द्वारा तेंदूखेड़ा में दो कम्पोजिट शराब दुकान स्वीकृत है परंतु दोनों दुकानों के अलावा आसपास के हर ग्राम में अवैध शराब दुकान के मैनेजर गोपाल शर्मा द्वारा अघोषित रूप से बिकवाई जा रही है। शराब प्रेमियों का कहना है कि रेट लिस्ट दुकान में इसलिए नहीं लगी ताकि मनमाने दाम पर शराब बेच सकें। कई लोगों ने बताया कि जितनी एम आर पी शराब की बोतल अद्धी पाव में लिखी रहती है उससे अधिक दाम में शराब बेची जा रही हे। इससे लगता है कि शराब ठेकदारों की आबकारी विभाग से मिलीभगत है।**






### मदिरा प्रेमी परेशान

शासन का स्पष्ट आदेश है कि प्रिंट रेट से अधिक में शराब न बेची जाय फिर भी आबकारी विभाग की खुली छूट से मनमाने रेट पर शराब बिक्री का खेल चल रहा है। वहीं मदिरा प्रेमी दुकान में हो रही लूट से परेशान हैं।

### बिल मांगने पर करते है बहस और बदतमीज़ी

अधिक रेट से शराब बेचने पर कई मदिरा प्रेमी बिल मांगते है तो शराब दुकान के गद्दीदार वहस कर बदसलूकी पर उतारु हो जाते हैं। इस संबंध में दर्जनों लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अंग्रेजी शराब रेट से 15 से 20% तक अधिक में बेची जा रही है।

### इनका कहना है

आपके माध्यम से जानकारी मिली है हम आबकारी विभाग के कर्मचारियों को बुला कर जाँच करवाते हैं।

**सी जी गोस्वामी, एसडीएम, तेंदूखेड़ा**

## लापता दो नाबालिग बालिकाओं को चंद घंटों में किया सकुशल दस्तयाब

**पटेरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई**



नवभारत,पटेरा/दमोह। थाना पटेरा पुलिस ने त्वरित और संजीदा कार्रवाई करते हुए जंगल की ओर लापता हुई दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व एसडीओपी हटा कृष्णपाल सिंह के मार्गदर्शन में यह सफलता मिली।जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 1 सितंबर की शाम करीब 7:00 बजे दो नाबालिग लड़कियां बिना बताए घर से जंगल की तरफ निकल गई थीं और वापस नहीं लौटीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पटेरा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 256/26, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### सराहनीय भूमिका निभाने वाली टीम

बालिकाओं की सुरक्षित बरामदगी में निरीक्षक रचना मिश्रा और उप निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुख्य भूमिका निभाई।इस रेस्क्यू अभियान में महिला प्रधान आरक्षक सुमन यादव (276), प्रधान आरक्षक प्रमोद चौबे (96), सुरेश लोधी (303), रूपलाल (235), आरक्षक राघवेंद्र सिंह,अनिल सिंह( 152) तथा महिला आरक्षक मंगला (415) का सराहनीय योगदान रहा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मोहद अमजद खान पिता अब्दुल शमी खान सा. नालागली आजाद वार्ड हटा, तहसील हटा जिला दमोह का निम्नकथन करता हूं :-

1. यह कि मेरे पास पोर्ट मे मेरा नाम अंग्रेजी में MOHAMMAD AMZAD KHAN लिखा है।
2. यह कि मेरे समस्त दस्तावेजी मे मेरा नाम मोहद अमजद खान अंग्रेजी में MOHD AMZAD KHAN लिखा है।
3. यह कि पासपोर्ट में दर्ज नाम अंग्रेजी में MOHAMMED AMZAD KHAN एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज नाम मोहद अमजद खान MOHD AMZAD KHAN वाला मै ही एक व्यक्ति हूं और उक्त दोनो नाम मेरे ही है।
4. यह कि मेरे पास पोर्ट मे मेरा नाम मोहद अमजद खान अंग्रेजी MOHD AMZAD KHAN- " लिखा जावे पढा जावे एवं मान्य किया जावे। उक्त सुधार के बाद यदि कोई दावा आपत्ति अवेगी तो मै जबावदार रहूंगा।

प्रार्थी - मोहद अमजद खान (MOHD AMZAD KHAN)